Observation regarding obstruction at the Entry Gate of Parliament House

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, मैंने पूर्व में भी आग्रह किया था और आज फिर मैं आग्रह कर रहा हूं । संसद भवन के प्रवेश द्वार पर अवरोध की शिकायत कई माननीय सदस्यों ने की है । मेरा सभी राजनीतिक दलों से आग्रह है कि जब माननीय संसद सदस्यों का आने का समय होता है, तो उस समय प्रवेश द्वार को अवरुद्ध न करें । उसकी बहुत बड़ी कठिनाइयां, विशेष रूप से महिला सांसदों ने मुझे व्यक्तिश: रूप से आकर कही हैं । मैं आपसे पुन: आग्रह करता हूं और मैंने व्यवस्था भी दी है । मैं आज पुन: व्यवस्था दे रहा हूं । आपको कोई परेशानी हो या तकलीफ हो तो मुझे आकर मिलें । लेकिन प्रवेश द्वार पर अवरोध न हो, संसद की मर्यादा के अनुकूल हमारा व्यवहार हो, यह मैं आपसे आग्रह करता हूं ।

? (व्यवधान)

<u>12.02 hrs</u>